भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
'एक मिनी रत्न कंपनी'
(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग)
जन सर्म्पक विभाग
कोयला भवन, कोयला नगर
धनबाद – 826005 (झारखण्ड)
दूरभाष/फैक्स : 0326–2230202
वेबसाईट: www.bcclweb.in
ईमेल: bcclprodhanbad@gmail.com
सीआईएन : U10101JH1972GOI000918

BHARAT COKING COAL LIMITED
'A Mini Ratna Company'
(A Subsidiary of Coal India Limited)
Public Relation Department
Koyla Bhawan, Koyla Nagar
Dhanbad- 826005 (Jharkhand).
Phone/Fax: 0326-2230202
website: www.bcclweb.in
email: bcclprodhanbad@gmail.com
CIN : U10101JH1972GOI000918

दिनांक 01.04.2021

प्रेस-विज्ञप्ति

मार्च, 2021 में कंपनी की सेवा से सेवानिवृत हो रहे मुख्यालय में पदास्थापित क्रमश: 12 अधिकारियों तथा 3 कर्मचारियों के सम्मान में तल–3 एवं तल–1 सभागार, कोयला भवन में 'सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने परिवार के साथ सत्कार के लिए उपस्थित श्री प्रकाश कुमार रजक, एसओई, (वि. एवं यां.), गोविंदपुर क्षेत्र ने बीसीसीएल के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की और उनकी बेटी, सुश्री संध्या राज ने भी कर्मचारियों के अपने पूरे परिवार को अच्छी सामाजिक–आर्थिक स्थिति प्रदान करने, शिक्षा उपलब्ध कराने तथा उनके उत्थान के लिए कंपनी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि एसबीआइ बैंक, मधुबनी में उनका चयन हुआ है और उनकी परवरिश, शिक्षा और नियुक्ति में कंपनी का काफी योगदान रहा है। उन्होंने इसके लिए कंपनी के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। आगे उन्होने कहा कि वर्तमान समय में उनका परिवार काफी अच्छी स्थिति में है और इसका श्रेय निश्चित रूप से बीसीसीएल को ही जाता है।

इस अवसर पर, श्री चंचल गोस्वामी , निदेशक तकनीकी (परि. एवं यो.), बीसीसीएल; श्री पीवीकेआरएम राव निदेशक (कार्मिक), बीसीसीएल; श्री एसएन सिन्हा, महाप्रबंधक (कार्मिक एवं औ.सं.), बीसीसीएल और मुख्यालय के तमाम महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

उप महाप्रबंधक (कार्मिक/जनसम्पर्क)